
## संक्षिप्त समाचार

### रेवाड़ी में कबाड़ के गोदाम में लगी आग, दमकल की 3 गाड़ियों ने पाया काबू



**रेवाड़ी, एजेंसी।** रेवाड़ी जिले में कबाड़ के गोदाम में शॉर्ट सर्किट के कारण आग लग गई। आग इतनी भयानक थी कि गोदाम में रखा सामान जलकर राख हो गया। आसपास के लोगों ने दमकल विभाग को इस आगजनी की सूचना दी। सूचना मिलने पर दमकल विभाग की 3 गाड़ियों ने मौके पर पहुंच कर आग पर काबू किया। बावल थाना पुलिस भी मौके पर पहुंची। जानकारी के अनुसार रेवाड़ी जिले के बावल क्षेत्र में जीतू चौहान ने नेहचाना रोड पर एक कबाड़ का गोदाम है। वह देर शाम को अपने गोदाम को बंद कर अपने घर चला गया। पड़ोसियों की ओर से आज सुबह सूचना दी कि गोदाम में आग लग गई। आग से गोदाम में रखा सामान जलकर राख हो गया। गोदाम में आग लगने के बाद चारों तरफ धुंआ फैल गया। गोदाम में रखा प्लास्टिक समेत अन्य सामान जलकर राख हो गया। वहां से निकल रहे आसपास के लोगों ने इसकी सूचना दमकल विभाग और बावल थाना पुलिस को दी। सूचना मिलने पर दमकल विभाग की 3 गाड़ियों ने मौके पर पहुंच कर आग पर काबू किया। आग लगने का कारण शॉर्ट सर्किट बताया गया है।

### सिरसा के डबवाली में अंतर्राजीय चोर गिरोह का भंडाफोड़, 2 आरोपी गिरफ्तार

**डबवाली, एजेंसी।** डबवाली शहर में चोरी की वारदातों को लेकर लंबे समय से परेशान लोगों को बड़ी राहत मिली है। पुलिस ने अंतर्राजीय चोर गिरोह का भंडाफोड़ करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इन आरोपियों की पहचान सन्नी उर्फ मोटा और गुरप्रीत उर्फ गगन उर्फ बान्दर के रूप में हुई है, जो पंजाब के पातड़ां जिले के रहने वाले हैं। पुलिस अधीक्षक सिद्धांत जैन ने जानकारी दी कि आरोपियों ने डबवाली में एक ही रात में चार वारदातों को अंजाम दिया। 10 दिसंबर को डबवाली के वार्ड नंबर 1 में हरसिमरन सिंह के घर से सोने और चांदी के गहने चोरी किए गए थे। इसके अलावा, कई दुकानों से नकदी और सामान पर भी हाथ साफ किया गया। गिरफ्तार आरोपियों ने पूछताछ में स्वीकार किया है कि उन्होंने हाल ही में पंजाब के पातड़ां और खनौरी में भी चोरी की वारदातें की हैं। आरोपियों के खिलाफ पहले से ही पंजाब के विभिन्न थानों में कई मुकदमे दर्ज हैं। पुलिस के अनुसार, आरोपी नशे के आदी हैं और वारदात से पहले रैकी किया करते थे। पुलिस ने दोनों आरोपियों को अदालत में पेश कर रिमांड पर लिया है ताकि और जानकारी जुटाई जा सके। पुलिस अधीक्षक सिद्धांत जैन ने बताया कि अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए भी टीमें बनाई गई हैं। इस गिरोह के अन्य सदस्यों को भी जल्द ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

### पंजाब सरकार द्वारा नगर निगम चुनावों के मद्देनजर 21 दिसंबर को सार्वजनिक छुट्टी का ऐलान

**चंडीगढ़।** नगर निगमों के आम/उप चुनाव-2024 के संबंध में पंजाब राज्य चुनाव आयोग की सिफारिशों पर पंजाब सरकार ने 21 दिसंबर (शनिवार) को नेगोशिएबल इंस्ट्रूमेंट्स एक्ट, 1881 के तहत नगर निगमों के माल अधिकार क्षेत्र, जहां चुनाव होने जा रहे हैं, में सार्वजनिक छुट्टी का ऐलान किया है। इसके अतिरिक्त, पंजाब सरकार ने उन मतदाताओं के लिए भी 21 दिसंबर, 2024 को विशेष छुट्टी का ऐलान किया है जो पंजाब सरकार के कार्यालयों/बोर्डों/कॉर्पोरेशनों/शैक्षणिक संस्थानों में काम कर रहे हैं। मतदाता, नगर निगम चुनावों के दौरान अपने वोट के अधिकार का प्रयोग करने के लिए योग्य अधिकारी को अपना वोटर कार्ड दिखाकर इस विशेष छुट्टी का लाभ ले सकते हैं और यह विशेष छुट्टी उनके छुट्टी खाते में से नहीं काटी जाएगी।

# भाजपा कार्यकर्ताओ ने चौ0 ओम प्रकाश चौटाला के निधन पर की शोक सभा, मौन रख कर दी भावभीनी श्रद्धांजलि

**चौ0 ओम प्रकाश चौटाला हरियाणा की राजनीति के वरिष्ठतम नेताओं में से एक थे : दीपक शर्मा**

- चौ0 ओम प्रकाश चौटाला का निधन हरियाणा राजनीति की एक अपूरणीय क्षति - ज्ञानचंद गुप्ता



**पंचकूला।** भाजपा जिला मुख्यालय पंचकमल पर पार्टी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने इनेलो सुप्रीमो एवं हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री चौ0 ओम प्रकाश चौटाला के निधन पर शोक सभा कर भावभीनी श्रद्धांजलि दी। इस मौके पर जिला अध्यक्ष दीपक शर्मा ने कहा चौ0 ओम प्रकाश चौटाला हरियाणा की राजनीति के वरिष्ठतम नेताओं में से एक थे, उनके निधन से आज प्रदेश में राजनीतिक शून्यता का माहौल है। पूर्व विधानसभा अध्यक्ष ज्ञानचंद गुप्ता ने कहा चौटाला साहब ने अपनी पार्टी की राजनीतिक विरासत को बुलंदियों पर पहुंचाने का काम किया था, उन्होंने अपने मुख्यमंत्रित्व काल में प्रदेश के विकास में अहम योगदान दिया, वे एक जुझारू और संघर्षशील नेता थे, उनके निधन से ऐसा महसूस हो रहा है जैसे हरियाणा के राजनीतिक घराने का कोई अपना अब हमारे बीच नहीं रहा। भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष बंतो कटारिया चौ0 ओम प्रकाश चौटाला को श्रद्धांजलि देते हुए कहा की चौ0 ओम प्रकाश दूरदर्शी एवं जनता के हित में कठोर निर्णय लेने वाले नेताओ में से एक थे। बंतो कटारिया 1987 के दौर को याद करते हुए कहा जब चौधरी देवी लाल प्रदेश के मुख्यमंत्री, डॉ मंगल सेन उपमुख्यमंत्री, सूरज भान राजस्व कैबिनेट मंत्री और रतन लाल कटारिया राजस्व राज्यमंत्री हुआ करते थे तब दोनों पार्टियों के समन्वय से एक संघर्ष समिति बनायीं गयी थी, तत्कालीन मुख्यमंत्री डॉ मंगल सेन बुजुर्गो के सम्मान में हरियाणा में पहली बार 100 रुपये की पेंशन लागू करवाने का काम किया था। श्रद्धांजलि देने वालो में प्रमुख रहे कालका विधायिका शक्ति रानी शर्मा, पूर्व जिला अध्यक्ष विशाल सेठ, अजय शर्मा, जिला महामंत्री वीरेंदर राणा, परमजीत कौर, वरिष्ठ नेता श्याम लाल बंसल, सतपाल गुप्ता, राजेंद्र नोनिवाल, मंडल अध्यक्ष युवराज कौशिक, जय प्रकाश जांगड़ा, सिद्धार्थ राणा, भाजयुमो उपाध्यक्ष संदीप यादव, पार्षद जय कौशिक, नरेंदर लुबना, राकेश वाल्मीकि, जिला मीडिया प्रमुख के चन्दन, दिनेश चौहान, बलबीर सिंह सिसोदिया व अन्य।

## आयोग अल्पसंख्यक लोगों के अधिकारों की रक्षा के लिए कदम उठाता हैन्देओल

**फरीदाबाद.20 दिसंबर। सुनील कुमार जांगड़ा.** हरियाणा प्रॉपर्टी कंसल्टेंट्स फेडरेशन के प्रदेश महासचिव गुरमीत सिंह देओल ने बताया कि 18 दिसंबर को दुनिया अल्पसंख्यक अधिकार दिवस के रूप में मनाती है।

आपको बता दे कि चैयरमेन माइनॉरिटी कमीशन सरदार इकबाल सिंह लालपुरा एवं मुख्य अतिथि राज्य मंत्री भारत सरकार अल्पसंख्यक मंत्रालय जॉर्ज कुरियन, श्रीमती नीलम शम्मी राव सचिव, धन्य कुमार जिनापा गुड्य, सैयद शहजादी, रिनचैन लामो आदि सदस्यय, विभिन्न धर्मों व अल्पसंख्यक समुदायों के विद्वान लोधी रोड स्थित ऑडिटोरियम कन्वेंशन सेंटर स्कोप कंपलेक्स में एकत्र हुए। स्वदेशी जागरण मंच जिला सहसंयोजक पश्चिम फरीदाबाद से गुरमीत सिंह देओल सामाजिक समरसता संपर्क प्रमुख जिला बल्लबगढ़ से राजेंद्र सिंह भी इस कार्यक्रम में विशेष रूप से आमंत्रित थे।

इस मौके पर अल्पसंख्यक आयोग, समेत विभिन्न संस्थाएं अलग-अलग कार्यक्रम करती रही हैं। यह दिन अल्पसंख्यक लोगों को आगे लाने और उनके अधिकारों की रक्षा करने के लिए मनाया जाता है बल्कि भारत में मुस्लिम, सिख, ईसाई, बौद्ध, पारसी और जैनियों को अल्पसंख्यकों में गिना जाता है और देशभर में विभिन्न कार्यक्रम किए जाते हैं।

अगली कड़ी में सरदार गुरमीत सिंह देओल ने यह भी बताया कि संयुक्त राष्ट्र की जनरल असेंबली ने 1992 में 18 दिसंबर को इस दिन के लिए चुना था। अल्पसंख्यक धर्म, भाषा, राष्ट्रीयता या जाति के आधार पर होते हैं। संयुक्त राष्ट्र ने तब कहा था कि देशों को अल्पसंख्यकों की संस्कृति, धर्म आदि की रक्षा करने के लिए कदम उठाने होंगे। ताकि उनका अस्तित्व खतरे में न आए।

संयुक्त राष्ट्र द्वारा उठाया गया यह बड़ा कदम था। खासकर भारत के नजरिए से भी। भारत में अल्पसंख्यक आयोग इसी को ध्यान में रखते हुए बनाया गया था। यह आयोग अल्पसंख्यक लोगों के अधिकारों की रक्षा करने के लिए कदम उठाता है और बहुसंख्यकों के साथ इनका समन्वय बनाने की कोशिश करता है।

## सीपी सौरभ सिंह आईपीएस ने महिला विरुद्ध अपराध गोष्ठी में दिए आवश्यक दिशा-निर्देश

**ट्रिप मोनिट्रिंग सिस्टम व डायल 112 के बारे में महिलाओं को अधिक से करें जागरुक-सीपी**

**फरीदाबाद- 20 दिसम्बर। सुनील कुमार जांगड़ा.** बता दें कि पुलिस आयुक्त सौरभ सिंह द्वारा महिला विरुद्ध अपराधों कमी लाने के लिए और महिला सुरक्षा के मुद्दे पर पुलिसकर्मियों के साथ एक महत्वपूर्ण मीटिंग आयोजित की गई। इस मीटिंग में महिला विरुद्ध अपराधों की रोकथाम और महिला सुरक्षा के उपायों पर विस्तार से चर्चा की गई। इस दौरान पुलिस उपायुक्त महिला सुरक्षा उषा, सहायक पुलिस आयुक्त महिला सुरक्षा, सहायक पुलिस आयुक्त ओल्ड, सहायक पुलिस आयुक्त मुख्यालय, महिला थाना प्रभारी सेन्ट्रल, बल्लबगढ़ व एन आई टी व अन्य पुलिस कर्मचारी मौजूद रहे।

मीटिंग में पुलिस आयुक्त ने महिला विरुद्ध अपराधों के मामलों में तेजी से कार्रवाई करने और महिला सुरक्षा के लिए आवश्यक कदम उठाने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि महिला विरुद्ध अपराध के मामले में शिकायतों को 45 दिन से अधिक लम्बित नही रखा जाएगा इस समय सीमा के दौरान ही शिकायत का निष्पादन करना सुनिश्चित किया जाएगा। शिकायतों के निष्पादन के लिए वीडियों कॉन्फ्रेंस के माध्यम से कॉउसलिंग करके शिकायतों का निष्पादन किया जाएगा। उन्होनों आगे कहा कि अपराधों की रोकथाम के लिए समाज में जागरूकता बढ़ाना आवश्यक है। इसलिए महिला विरुद्ध व महिला सुरक्षा के संबंध में अधिक से अधिक जागरुकता कार्यक्रम स्कूल,कॉलेज व कम्पनियों में कराए जा तथा महिलाओं को कानूनों के बारे में जागरुक किया जाए। उन्होने कहा कि हरियाण पुलिस की ट्रिप मोनिट्रिंग सिस्टम व डायल 112 के बारे में महिलाओं को अधिक से अधिक जागरुक करके उनके फोन में दुर्गाशक्ति/डायल 112 एप का इंस्टोलेशन कराया जाए ताकि संकट की घडी में हरियाणा पुलिस द्वारा आमजन के लिए प्रदान की गई सुविधाओं का प्रयोग करके अपने आप को सुरक्षित रख सके।

मीटिंग के दौरान भाग लेने वाले महिला पुलिस अधिकारियों ने महिला विरुद्ध अपराधों के मामलों में महिला पुलिस के अधिकारियों की भूमिका पर प्रकाश डाला।

फरीदाबाद पुलिस की आमजन से अपील है कि महिला विरुद्ध अपराधों की रोकथाम और महिला सुरक्षा के लिए फरीदाबाद पुलिस का सहयोग करें।

# कैबिनेट मंत्री विपुल गोयल ने फरीदाबाद में दो प्रमुख कार्यक्रमों में की शिरकत

**फरीदाबाद।** कैबिनेट मंत्री विपुल गोयल ने शुक्रवार को फरीदाबाद में आयोजित दो महत्वपूर्ण कार्यक्रमों में मुख्य अतिथि के रूप में भाग लिया। इन कार्यक्रमों में स्वास्थ्य और औद्योगिक विकास को बढ़ावा देने वाले प्रयासों की सराहना की गई। सर्वाइकल कैंसर टीकाकरण अभियान- रोटरी क्लब और स्कॉट पूनावाला प्राइवेट लिमिटेड के सहयोग से सेक्टर 86 स्थित साई धाम में सर्वाइकल कैंसर टीकाकरण अभियान का आयोजन किया गया। इस अभियान का उद्देश्य महिलाओं को सर्वाइकल कैंसर से बचाव के लिए टीकाकरण प्रदान करना है। इस शिविर में 5,000 रुपये मूल्य के टीके निःशुल्क लगाए जा रहे हैं। शुक्रवार को 700 महिलाओं का टीकाकरण किया गया, और पूरे अभियान में 15,000 महिलाओं को टीका लगाने का लक्ष्य है। कार्यक्रम में विपुल गोयल ने कहा, सर्वाइकल कैंसर महिलाओं के स्वास्थ्य के लिए एक गंभीर समस्या है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में इस समस्या के समाधान के लिए 7.5 मिलियन डॉलर का ग्रांट आवंटित किया गया है। रोटरी क्लब जैसी संस्थाओं का इस दिशा में योगदान सराहनीय है। एक जनप्रतिनिधि और नागरिक के रूप में इस अभियान से जुड़कर मुझे गहरी संतुष्टि हो रही है। शिविर में उपस्थित महिलाओं और उनके परिवारजनों ने इस पहल के लिए आयोजकों और सरकार का आभार व्यक्त किया। इंडस्टेक मशीन टूल एंड ऑटोमेशन एक्सपो- शुक्रवार को ही विपुल गोयल और कैबिनेट मंत्री राजेश नागर ने मैन्युफैक्चरर एसोसिएशन फरीदाबाद द्वारा आयोजित इंडस्टेक मशीन टूल एंड ऑटोमेशन एक्सपो का अवलोकन किया। यह एक्सपो सेक्टर 12 स्थित ग्राउंड में आयोजित हुआ, जिसमें 25,000 से अधिक औद्योगिक उत्पाद प्रदर्शित किए गए। विपुल गोयल ने कहा, ÷डबल इंजन सरकार के तहत हरियाणा और भारत एक मजबूत मैन्युफैक्चरिंग हब के रूप में उभर रहे हैं। इस तरह के आयोजन न केवल क्षेत्र के औद्योगिक विकास को बढ़ावा देते हैं बल्कि रोजगार सृजन के नए अवसर भी पैदा करते हैं। कार्यक्रम में मौजूद विभिन्न उद्यमियों और संस्थाओं ने अपने इनोवेटिव उत्पादों और तकनीकों का प्रदर्शन किया। मंत्री ने इन प्रयासों की सराहना की और उद्योगों को निरंतर प्रगति के लिए प्रेरित किया। जन संवाद और विकास की प्रतिबद्धता- दोनों कार्यक्रमों में भाग लेते हुए मंत्री विपुल गोयल ने जनता से संवाद किया और उनकी समस्याओं और सुझावों को ध्यानपूर्वक सुना। उन्होंने कहा कि फरीदाबाद के समग्र विकास के लिए सरकार प्रतिबद्ध है। उन्होंने ऐसे आयोजनों को सामुदायिक और औद्योगिक विकास का आधार बताया।



## फरीदाबाद में तेज रफ्तार ऑटो पलटा, बच्चे की मौत, महिला गंभीर रूप से घायल

**फरीदाबाद, एजेंसी।** हरियाणा के फरीदाबाद के धौज थाना क्षेत्र में ऑटो पलटने से एक पांच साल के बच्चे की मौत हो गई। इस हादसे में उसकी नानी गंभीर रूप से घायल हो गई। उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है। गांव धौज के रहने वाले जाहिद ने अपनी शिकायत में बताया कि उनका बेटा सुहैल अपनी नानी समरुद्दीन के साथ ऑटो में धौज से खोरी जमालपुर जा रहे थे। रास्ते में एक मोड पर ऑटो चालक ने तेज रफ्तार में ही ऑटो मोड़ दिया। संतुलन बिगड़ने की वजह से ऑटो पलट गया।

बताया गया कि हादसे के बाद उनके बेटे सुहैल और उसकी नानी को निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां सुहैल को डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने ऑटो चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है।



## बेगमपुर में प्राकृतिक खेती पर प्रशिक्षण शिविर का किया आयोजन



**घरौंड (सुरेन्द्र पांचाल)।** कृषि किसान एवं कल्याण विभाग करनाल के निर्देश पर गांव बेगमपुर में प्राकृतिक खेती पर प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया जिसमें 32 महिला व पुरुष किसानों ने भाग लिया। प्राकृतिक खेती के मास्टर ट्रेनर व कृषि किसान कल्याण विभाग हरियाणा से सेवानिवृत विषय विशेषज्ञ पौध संरक्षण संरक्षण डॉ राजेंद्र सिंह ने प्राकृतिक खेती के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए बताया कि प्राकृतिक खेती हमारे देश में सदियों से होती आई है। हमारे देश के कृषि वैज्ञानिकों के अनुसार रासायनिक खाद व कीटनाशक दवाइयां का आवश्यकता से कहीं अधिक प्रयोग होने की वजह से हमारी जमीन की उर्वरा शक्ति तेजी से घटती जा रही है जिसकी वजह से किसानों की खेती लागत बढ़ती जा रही है। कीटनाशक दवाइयों के अंधाधुंध प्रयोग से वातावरण पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। देश की खाद्य सुरक्षा के लिए भूमि की उर्वरा शक्ति को कायम रखने के लिए मौजूदा खेती पैटर्न पर प्राकृतिक खेती ही सबसे टिकाऊ विकल्प हो सकता है। एक देसी गाय से 30 एकड़ की खेती आसानी से की जा सकती है जिसके लिए कृषि किसान कल्याण विभाग हरियाणा द्वारा देसी गाय खरीदने के लिए 25 हजार रुपये अनुदान भी दिया जा रहा है। गुजरात राज्य के राज्यपाल आचार्य देवव्रत द्वारा प्राकृतिक खेती करने के लिए सम्मानित सुरेंद्र कुमार बसताडा जिला टीम सदस्य हरियाणा विज्ञान मंच ने प्राकृतिक खेती के अपने अनुभव सांझा करते हुए बताया कि वह अपने किचन गार्डन में प्राकृतिक विधि से 15 तरह की सब्जियां उगा रहा है। मंच के प्रयास से जिला करनाल में 14 महिलाएं प्राकृतिक विधि से न्यूट्रिटिव किचन गार्डनिंग कर रही है। इस अवसर पर वेद प्रकाश, विकास कुमार, गुलाब सिंह, राजेश कुमार, शीला देवी, सुनीता, अनीता, सुमित्रा, कृष्णा इत्यादि उपस्थित रही।

## बुजुर्ग दंपती ने शादी के 43 साल बाद लिया तलाक, वजह जान होगी हैरानी

**करनाल, एजेंसी।** हरियाणा के करनाल के रहने वाला एक बुजुर्ग दंपती शादी के 43 साल बाद एक-दूसरे से अलग हो गया। दोनों ने आपसी सहमति से तलाक ले लिया। व्यक्ति की उम्र 69 साल व महिला की उम्र 73 साल है। दोनों ने पंजाब एंड हरियाणा हाईकोर्ट के मध्यस्थता और सुलह केंद्र की मदद ली। पति ने पत्नी को 3.07 करोड़ का स्थायी गुजारा भत्ता देने का समझौता किया।

इसके लिए व्यक्ति ने अपनी जमीन और फसल तक बेच दी। दोनों की शादी 27 अगस्त 1980 को हिंदू रीति-रिवाजों के अनुसार हुई थी। शादी के बाद उन्हें 3 बच्चे हुए। इनमें 2 बेटियां और एक बेटा शामिल है। हालांकि, समय के साथ दोनों के रिश्तों में खटास आ गई। 8 मई 2006 से दोनों अलग रहने लग गए थे।


हाईकोर्ट ने 4 नवंबर 2024 को इस मामले को सुलह और समझौते के लिए मध्यस्थता केंद्र में भेजा। मध्यस्थता के दौरान पति, पत्नी और उनके तीनों बच्चों ने 3.07 करोड़ के भुगतान पर शादी समाप्त करने पर सहमति जताई। पति ने अपनी कृषि योग्य जमीन बेचकर 2.16 करोड़ का डिमांड ड्राफ्ट पत्नी को दे दिया। इसके अलावा गन्ने व अन्य फसलें बेचकर जे-फार्म के तहत 50 लाख रुपए कैश का भुगतान किया।

# फतेहाबाद के डॉक्टर ने ड्रैगन फ्रुट की खेती में लहराया परचम, सलाना कमा रहा लाखों रुपए

**फतेहाबाद, एजेंसी।** फतेहाबाद जिले के गांव बादलगढ़ के किसान डॉक्टर हंसराज ने ड्रैगन फ्रूट की खेती में सफलता का परचम लहराया है। डॉक्टर हंसराज ने पारंपरिक खेती को छोड़कर 10 से 15 एकड़ जमीन पर ड्रैगन फ्रूट की खेती शुरू की है और अपनी मेहनत से वह सालाना लाखों रुपये कमा रहा है। यह खेती न केवल उनके लिए फायदे का सौदा साबित हुई है, बल्कि अन्य किसानों के लिए प्रेरणा भी बनी है। इस बारे में जब जिला बागवानी अधिकारी फतेहाबाद डॉ सरवन बरार से बात की गई तो उन्होंने बताया कि हरियाणा सरकार ही केवल ऐसी सरकार है, जो बागवानी के लिए सबसे ज्यादा सब्सिडी देने का काम करती है।

बता दें कि सरकार समय-समय पर बागवानी के लिए कल्याणकारी योजनाएं लाती रहती है। सरकार बागवानी के तहत हर किसान को नए बाग लगाने पर 43000 तक की सब्सिडी देती है, किसके साथ साथ ही उन्होंने बताया कि ड्रैगन फ्रूट की खेती के लिए हरियाणा सरकार ड्रिप सिस्टम के तहत सब्सिडी प्रदान करती है। उन्होंने कहा कि विदेशी फल होने के कारण देश में इसकी खेती की सही जानकारी के अभाव में यह बाजार में अधिक मात्रा में उपलब्ध नहीं होता।





डॉ. हंसराज ने बताया कि ड्रैगन फ्रूट की खेती के लिए प्रति एकड़ शुरुआती खर्च लगभग 2.5 से 3 लाख रुपये आता है। इसमें पौधों की खरीद, ट्रीलिस सिस्टम, सिंचाई और खाद जैसे खर्च शामिल हैं। पौधों की रोपाई के बाद पहली फसल 18-24 महीनों में तैयार होती है। एक बार पौधा लगने के बाद यह लगभग 15 से 20 साल तक फल देता है। प्रति एकड़ सालाना औसतन 5-7 टन फल उत्पादन होता है, जिससे किसान को लगभग 8-10 लाख रुपये तक की कमाई होती है। उन्होंने कहा कि ड्रैगन फ्रूट की खेती को बढ़ावा देने के लिए हरियाणा सरकार किसानों को इस विशेष फसल पर 50 प्रतिशत तक की सब्सिडी दी जा रही है। इसके अलावा, मृदा परीक्षण, ड्रिप सिंचाई और पौधों की खरीद पर भी अनुदान उपलब्ध है।

डॉ. हंसराज की सफलता से प्रेरित होकर फतेहाबाद और आसपास के इलाकों के कई किसान अब ड्रैगन फ्रूट की खेती में रुचि दिखा रहे हैं। फतेहाबाद के ही एक अन्य किसान राजेश कुमार से इस बारे में बात की गई तो उन्होंने बताया कि वह पहले गेहूं और धान जैसी पारंपरिक फसलें उगाते थे, लेकिन जब उन्होंने डॉक्टर हंसराज की खेती का दौरा किया और उनके मुनाफे के बारे में सुना तो वह भी ड्रैगन फ्रूट की खेती करने लगे। राजेश ने कहा इस साल 5 एकड़ जमीन पर ड्रैगन फ्रूट की खेती शुरू की है। शुरुआती खर्च तो ज्यादा है, लेकिन सरकार की सब्सिडी से काफी राहत मिलती है। मुझे हरियाणा सरकार से ट्रेलिसिंग और पौधारोपण के लिए 50 प्रतिशत अनुदान मिला। इसके अलावा डॉक्टर हंसराज ने मुझे व्यक्तिगत रूप से खेती की तकनीक सिखाई। अब मुझे पूरा भरोसा है कि अगले 2 साल में मेरी मेहनत रंग लाएगी। उन्होंने आगे बताया की ड्रैगन फ्रूट की खेती में सबसे अच्छी बात यह है कि यह कम पानी में भी सफल हो जाती है। फसल की मांग भी काफी ज्यादा है, जिससे बाजार की चिंता नहीं होती। मेरा मानना है कि अगर किसान इस तरह की फसलों की ओर रुख करें, तो खेती और मुनाफा दोनों बेहतर हो सकते हैं।